कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-11.07.2024

विषयः- सुगम यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत थानाक्षेत्र सारनाथ में अभियान चलाकर हटाया गया अवैध अतिक्रमण।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के कमिश्नरेट वाराणसी में फुटपाथ व सड़कों पर हुए अस्थायी अतिक्रमण हटवाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के नेतृत्व में आज दिनांक-11.07.2024 को नगर निगम अतिक्रमण दस्ता व प्रभारी निरीक्षक थाना सारनाथ मय पर्याप्त पुलिस बल के पंचकोशी चौराहे से पुरानापुल तथा पंचकोशी चौराहे से रसूलगढ तिराहा तक पूर्व में अतिक्रमण हटाने को कई बार हिदायत करने पर भी अतिक्रमण न हटाने पर, अतिक्रमण हटवाने की कार्यवाही की गयी। रोड के दोनों तरफ अवैध कब्जेदारों का अवैध कब्जा हटवाया गया। नगर निगम अतिक्रमण दस्ता द्वारा अवैध कब्जेदारों से भारी से भारी जुर्माने की कार्यवाही की गयी तथा हिदायत किया गया कि पुनः अतिक्रमण करने पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।

TITAN
SONATA

2024-25
उत्सव कलेक्शन